सत्यमेव जयते

खंड ११ | संख्या १

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त
## सरकारी रिपोर्ट

सोमवार, तिथि ३ सितम्बर, १९५६।

Vol. XI | No. 1

# The
# Bihar Legislative Assembly Debates
## Official Report

*Monday, the 3rd September, 1956.*

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, बिहार
पटना, द्वारा मुद्रित
१९५६

[मूल्य—६ आना।]
*Price—Annas 6.*]

गृह-निर्माण सहायता के रूप में कर्ज।

४६६। श्री शिवकुमार पाठक—क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) सन् १९५३ में गोपालगंज थाने के यूनियन नं० ६ के बसडीला खास और कोन्हवा ग्राम के किन-किन व्यक्तियों को कितने-कितने रुपये गृह-निर्माण सहायता के रूप में सरकार की तरफ से दिये गये थे तथा उन रुपयों का बंटवारा कब, कहां और किसके द्वारा हुआ;

(ख) किसके द्वारा उपरोक्त गांवों की सूची (गृह-निर्माण सहायता पानेवालों की सूची) तैयार की गई थी और सूची में अंकित व्यक्तियों में सबको सहायता मिली या नहीं, यदि नहीं, तो क्यों;

(ग) किस आधार पर सहायता की रकम निर्धारित की गई थी और बंटवारे का क्या नियम रहा?

श्री कृष्णवल्लभ सहाय—(क) बंटवारे की सूची मेज पर रखी है। गोपालगंज थाने के बसडीला खास और कोन्हवा गांवों में श्री जे० के० पी० वर्मा, क्षेत्रीय अफसर, ने तारीख २२ दिसम्बर १९५३ को थावे केन्द्र में बंटवारा किया था;

(ख) हल्का कर्मचारियों ने सूची तैयार की थी। अनुदान उन व्यक्तियों को दिया गया, जिनके पास ३ बीघे तक जमीन थी।

(ग) हर व्यक्ति को घर के एक पूरे कमरे की बरबादी के लिए २० रु० और और हर अतिरिक्त कमरे की क्षति के लिए १० रु० की दर से, अधिक से अधिक कुल ५० रु० तक, साहाय्य बांटा गया था। आंशिक क्षति के लिए २० रु० से कम दिया गया था।

विवरण।

१९५३ में गोपालगंज थाना के बसडीला खास में गृह-निर्माण अनुदान के बंटवारे का विवरण।

| क्रम संख्या। | नाम। | रकम। |
|---|---|---|
| | | रु० |
| १ | राम आज्ञा | २० |
| २ | गगनदेव राय | १० |
| ३ | मुंशी राय | १० |
| ४ | रामदयाल राय | ५ |
| ५ | मो० सरला देवी | ५ |
| ६ | सुखदेव गोर | ५ |
| ७ | हुकुम दुसाध | ५ |
| ८ | जगदेव राय | १० |
| ९ | राज रूप राय | १० |
| १० | रामफल राय | १० |
| | कुल | ९० |

ग्राम खेन्हवा, थाना गोपालगंज—.

| क्रम संख्या। | नाम। | रकम। रु० |
|---|---|---|
| १ | वीरा ठाकुर | १० |
| २ | इनरासन कुंअर | २० |
| ३ | हलखोर ठाकुर | २० |
| ४ | गया राय | २० |
| ५ | सरयुग राय | २० |
| ६ | सिंगासन राय | २० |
| ७ | तिरलोचन महतो | २५ |
| ८ | अदालती तुरहा | २० |
| ९ | दारोगा राय | २५ |
| १० | जुमराती मियां | २० |
| ११ | सीताराम साहु | ३० |
| १२ | विपत मियां | २० |
| १३ | गलिश्रौन मियां | २० |
| १४ | दुखहरन ठाकुर | १० |
| १५ | मोहासेब मियां | २० |
| १६ | मो० मरछिया | २० |
| १७ | जगी चमार | १० |
| १८ | मो० लोछनी | १० |
| १९ | मंगरू दुसाध | १० |
| २० | खरई चमार | २० |
| २१ | चांद कुमार भगत | १० |
| २२ | राजवंशी भगत | ३० |
| २३ | भिखम कोइरी | २० |
| २४ | अलखदेव भगत | १० |
| २५ | किशुनदेव भगत | ३० |
| २६ | शिवनारायण भगत | ३० |
| २७ | वेचू भगत | ३० |
| २८ | दुलाम भगत | १० |
| २९ | मो० मंगिया | १० |
| ३० | भगवत मिश्र | ३० |
| ३१ | खेरोधन भगत | १० |
| ३२ | गोपाल राउत | १० |
| ३३ | सरयुग राउत | १० |
| ३४ | लखन राउत | १० |
| ३५ | लक्ष्मन मिश्र | २० |
| ३६ | मो० तिजिया | २० |
| ३७ | तेलहा राउत | १० |
| ३८ | गरजू राउत | १० |
| ३९ | चन्द्रदेव राउत | १० |
| ४० | शकल देव राय | २० |

| क्रम संख्या। | नाम। | | रकम। रु० |
|---|---|---|---|
| ४१ | राम किशुन लाल .. | .. | २० |
| ४२ | झगी साह .. | .. | २० |
| ४३ | मो० फुलकली | .. | १० |
| ४४ | गोखुला कुंअर .. | .. | ३० |
| ४५ | प्रेम राउत .. | .. | २० |
| ४६ | राम कुमार .. | .. | २५ |
| ४७ | मंगल साह .. | .. | १० |
| ४८ | झपसी राउत .. | .. | २५ |
| ४९ | मूटन भगत .. | .. | २५ |
| ५० | मो० गुलजरिया .. | .. | २० |
| ५१ | सीताराम राउत .. | .. | १५ |
| ५२ | बासुदेव राय .. | .. | २० |
| ५३ | मो० तिजिया .. | .. | १० |
| ५४ | शिवशरण भगत | .. | २० |
| ५५ | सिगासन राउत | .. | २० |
| ५६ | राजवंशी राउत .. | .. | २० |
| | कुल | .. | १,०१० |

हरिजनों के लिये जमीन।

४६७। श्री चेतू राम—क्या मंत्री, कल्याण विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह बात सही है कि चौबीस घर हरिजन रजवार जाति के राजगृह, जिला पटना के बिना घर के इधर-उधर भटक रहे हैं, जिनके नाम, लक्षमण रजवार, झाली चाठो, प्रभू, प्रभू जनक, श्री एतवारी गोपी, कारो, जगेसर, सोखी, दासो, विशेसर, भतू, प्रभः खूबं, विशुनी, बंथी, बोधू, चमारी, अमृत हरि और सरजुग इत्यादि हैं ;

(ख) क्या यह बात सही है कि इन लोगों ने कई आवेदनपत्र हरिजन कल्याण विभाग में जिलाधीश और डिवीजनल ऑफिसर के पास किया है पर कोई प्रबन्ध आजतक उनलोगों के रहने का नहीं किया गया है, जिससे उनलोगों का जीवन संकट में पड़ा हुआ है ;

(ग) वे लोग बहुत गरीब और मजदूर श्रेणी के हैं, जिसके कारण अपना-अपना घर बनाने के लिये जमीन नहीं रहने से घर बनाने में असमर्थ हैं ;

(घ) क्या सरकार जल्द से जल्द इन शरणार्थियों को घर बनाने के लिये परती जमीन राजगृह से पश्चिम या टोलागंज पर या अलिगंज फार्म जो कि राजगृह से पूरब है, देने का विचार रखती है, जिससे वे गरमी और बरसात में सुरक्षित रह सकें ;

(ङ) यदि खंड (क), (ख), (ग) और (घ) के उत्तर 'हां' में हैं, तो सरकार इस संबंध में ज़ल्द से जल्द हरिजन कल्याण विभाग के वेलफेयर ऑफिसर को कोई आदेश देने का विचार रखती है ; यदि नहीं, तो क्यों ?